>

Title: Regarding reopening of closed mines owned by ECL in Jharkhand.

श्री सुनील सोरेन (दुमका): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करता हूं। हमारे संसदीय क्षेत्र दुमका, झारखंड अंतर्गत जामताड़ा जिला के नाला प्रखंड के कास्ता, सुल्तानपुर, पलास्थली, बेलाडंगाल, खड़ीपाटी, बड़कुटी समेत अन्य बंद कोलयरी में कोयले का प्रचुर भंडार है। ये ईसीएल की बंद कोयलरी है। यहां ईसीएल की इन बंद कोलियरी को चालू करने की दिशा में आवश्यक पहल की जाए। कई दशक पूर्व ही इस खदान को बंद कर दिया गया था, परन्तु आज भी अवैध रूप से प्रतिदिन 20-30 ट्रक कोयला का उत्खनन होता है। पहले मालगाड़ी से कोयले को अन्यत्र भेजा जाता था। इस कोलयरी के चालू होने से इस क्षेत्र के हजारों लोगों को रोजगार भी प्राप्त होगा और सरकार से राजस्व के साथ-साथ उन्नत किस्म का कोयला भी उपलब्ध होगा।

महोदय, आपके माध्यम से विभागीय मंत्री जी से मैं आग्रह करता हूं कि ऊपर वर्णित समस्याओं का निदान किया जाए, ताकि बेरोजगारों को रोजगार मिल सके।